**NEWS CLIPPING:19.09.2022**

# THE TRIBUNE

## VARSITY INTRODUCES RESEARCH FELLOWSHIP

**Faridabad:** In order to enhance the quality of research and encourage young scholars to pursue doctoral research in the latest technologies, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, has introduced MOB Research Fellowship (MRF). It will be funded by the university's alumni association, YMCA MOB. Vice-Chancellor Prof Sushil Kumar Tomar said providing a favourable ecosystem for innovative research is the prime objective of the university.

**NEWS CLIPPING:19.09.2022**

# AAJ SAMAJ

# मीडिया गुरु प्रोफेसर कुठियाला ने किया विद्यार्थियों से संवाद

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार व मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा एक मास्टरक्लास का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया ग्रुप प्रोफेसर बीके कुठियाला, अध्यक्ष, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने मीडिया विभाग के छात्रों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर पवन सिंह ने बताया कि मास्टर क्लास विभाग की निरंतर चलने वाली विशेष कार्यशाला है जिसमें इस बार प्रोफेसर बीके कुठियाला, अध्यक्ष, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद मीडिया के छात्रों छात्रों से संवाद की आवश्यकता तथा दशा एवम्‌ दिशा पर चर्चा की।

प्रोफेसर बीके कुठियाला ने छात्रों को एक शिक्षक शिक्षक की भूमिका के बारे में संबोधित किया जो अपने छात्रों को अपने अनुभव के साथ सीखते पढ़ते है। इसमें साथ साथ उन्होंने समाज में मीडिया की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में एक पत्रकार के दायित्व पर विस्तार से चर्चा की। प्रोफेसर कुठियाला ने कहा संवाद की दृष्टि से मनुष्य अन्य जीवों से बेहतर है। मनुष्य के लिए समाज में रहना सीखना जरूरी है। अपने समझ के साथ साथ उसे एक विशेष ट्रेनिंग की भी आवश्यकता होती है, जिसके बाद ही वह अपना जीवन सही तरीके से जीवन यापन कर पाता है। इस सब के लिए उसे संवाद करना सीखना होगा। संवाद के बिना समाज शून्य है। एक मीडिया छात्र के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम समाज में सही संवाद स्थापित करें। हमारा संवाद सृजनात्मक हो। हमारा संवाद सार्थक हो तथा हमारा संवाद समाज एवं देश को एक सही दिशा देने वाला हो। एक दूसरे को समझने तथा सह अस्तित्व और सहयोग का तथ्य को स्वीकार करने के लिए भी समाज में संवाद की विशेष भूमिका है।



विद्यार्थियों के साथ प्रोफेसर कुठियाला

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:19.09.2022**

# PIONEER

## मीडिया गुरु प्रोफेसर कुठियाला का विद्यार्थियों से संवाद

### प्रोफेसर बीके कुठियाला ने छात्रों को एक शिक्षक की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार एवम् मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा एक मास्टरक्लास का आयोजन किया गया जिसमें मीडिया ग्रुप प्रोफेसर बीके कुठियाला, अध्यक्ष, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने मीडिया विभाग के छात्रों के साथ संवाद किया।

कार्यक्रम की जानकरी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभगाध्यक्ष डॉक्टर पवन सिंह ने बताया कि मास्टर क्लास विभाग की निरंतर चलने वाली विशेष कार्यशाला है जिसमें इस बार प्रोफेसर बीके कुठियाला, अध्यक्ष, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद मीडिया के छात्रों छात्रों से संवाद की आवश्यकता तथा दशा एवम् दिशा पर चर्चा की।



**जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मीडिया ग्रुप प्रो. बीके कुठियाल।**

प्रोफेसर बीके कुठियाला ने छात्रों को एक शिक्षक शिक्षक की भूमिका के बारे में संबोधित किया जो अपने छात्रों को अपने अनुभव के साथ सीखते पढ़ते हैं। इसमें साथ साथ उन्होंने समाज में मीडिया की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में एक पत्रकार के दायित्व पर विस्तार से चर्चा की। प्रोफेसर कुठियाला ने कहा संवाद की दृष्टि से मनुष्य अन्य जीवों से बेहतर है।

मनुष्य के लिए समाज में रहना सीखना जरूरी है। अपने समझ के साथ साथ उसे एक विशेष ट्रेनिंग की भी आवश्यकता होती है, जिसके बाद ही वह अपना जीवन सही तरीके से जीवन यापन कर पाता है। इस सब के लिए उसे संवाद करना सीखना होगा। संवाद के बिना समाज शून्य है। एक मीडिया छात्र के नाते हमरा यह कर्तव्य है कि हम समाज में सही संवाद स्थापित करें। हमारा संवाद सृजनात्मक हो। हमारा संवाद सार्थक हो तथा हमारा संवाद समाज एवं देश को एक सही दिशा देने वाला हो। एक दूसरे को समझने तथा सह अस्तित्व और सहयोग का तथ्य को स्वीकार करने के लिए भी समाज में संवाद की विशेष भूमिका है।

इस कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रोफेसर बीके कुठियाला ने छात्रों की जिज्ञासा का उत्तर दिया।

कार्यक्रम के अंत में डीन, फैकल्टी ऑफ मीडिया स्टडीज़ डॉक्टर अतुल मिश्रा ने प्रोफेसर बीके कुठियाला का विभाग में आने पर तथा छात्रों से संवाद करने पर विशेष धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में मीडिया विभाग के अध्यापक तथा ऐनिमेशन, जनसंचार तथा समाज कार्य के छात्र उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:19.09.2022**

# AMAR UJALA

# समाज में मीडिया की भूमिका व राष्ट्र निर्माण पर की चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) के संचार व मीडिया तकनीकी विभाग की ओर से मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। मीडिया गुरु के रूप में हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर बीके कुठियाला ने मीडिया विभाग के छात्रों से संवाद किया। विवि के मीडिया विभाग अध्यक्ष डॉक्टर पवन सिंह ने बताया कि मास्टर क्लास लगातार जारी एक कार्यशाला है। इसमें प्रोफेसर कुठियाला ने छात्रों से संवाद की आवश्यकता और दिशा पर चर्चा की। प्रोफेसर ने छात्रों से अपने अनुभव साझा किए। समाज में मीडिया की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में पत्रकार के दायित्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संवाद में मनुष्य अन्य जीवों से सर्वोत्तम है। मनुष्य के लिए जरूरी है कि वह समाज में रहना सीखे। अपनी समझ के साथ-साथ उसे प्रशिक्षण चाहिए। इसके जरिए वह सही तरीके से जीना सीख पाता है।

इस उद्देश्य के लिए उसे संवाद सीखना होगा। संवाद के बिना समाज शून्य है। मीडिया छात्रों का दायित्व है कि वह समाज में संवाद स्थापित करें। इसके साथ ही यह संवाद सृजनात्मक( क्रिएटिव) हो। संवाद सार्थक हो। यह समाज को दिशा देने वाला हो। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। इसमें प्रोफेसर बीके कुठियाला ने छात्रों के सवालों के जवाब दिए।

**NEWS CLIPPING:19.09.2022**

# HINDUSTAN

# संवाद के बगैर समाज शून्य : प्रो. कुठियाला

**फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार एंवम मीडिया तकनीकी विभाग की तरफसे मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर बीके कुठियाला ने छात्रों से संवाद किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि संवाद के बगैर समाज शून्य है। कुठियाला ने छात्रों को शिक्षक की भूमिका के बारे में संबोधित किया।

उन्होंने समाज में मीडिया की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में एक पत्रकार के दायित्व पर विस्तार से चर्चा की। प्रोफेसर कुठियाला ने कहा संवाद की दृष्टि से मनुष्य अन्य जीवों से बेहतर है। मनुष्य के लिए समाज में रहना सीखना जरूरी है। अपने समझ के साथ साथ उसे एक विशेष ट्रेनिंग की भी आवश्यकता होती है, जिसके बाद ही वह अपना जीवन सही तरीके से जीवन यापन कर पाता है। इस सब के लिए उसे संवाद करना सीखना होगा।

मीडिया छात्र के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम समाज में सही संवाद स्थापित करें। हमारा संवाद सृजनात्मक हो। हमारा संवाद सार्थक हो तथा हमारा संवाद समाज एवं देश को एक सही दिशा देने वाला हो। एक दूसरे को समझने तथा सह अस्तित्व और सहयोग का तथ्य को स्वीकार करने के लिए भी समाज में संवाद की विशेष भूमिका है।